अति आवश्यक/महत्वपूर्ण/समयबद्ध

मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश

टावर–2, पुलिस मुख्यालय, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002

पत्रांकःटीएस–सीसीटीएनएस–98/2018 दिनांकः जुलाई 18, 2019

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक, समस्त जोन, उत्तर प्रदेश।
अपर पुलिस महानिदेशक, रेलवे।
पुलिस महानिरीक्षक/उपमहानिरीक्षक, समस्त परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।
पुलिस अधीक्षक, रेलवे, समस्त अनुभाग, उत्तर प्रदेश।

विषयः– **UPCOP Mobile App के उपयोग को लोकप्रिय बनाने हेतु।**

ज्ञातव्य है कि UPCOP Mobile App उत्तर प्रदेश पुलिस का नागरिक केन्द्रित लोकप्रिय मोबाइल एप्प है।

उक्त एप्प से थानों द्वारा प्रदान की जा रही 27 प्रकार की विभिन्न सेवायें बिना थाना गये उपलब्ध करायीं जा रहीं हैं। इस एप्प को लगभग 2 लाख से ज्यादा लोगों ने डाउनलोड किया है। प्रदेश के समस्त थानों में सूचना विभाग द्वारा इसकी होर्डिंग भी लगायी जा रही है। थानों पर होर्डिंग ऐसे स्थान पर लगायें जिससे आम नागरिक आसानी से देख सके।

इस मोबाइल एप्प को और अधिक लोकप्रिय बनाने तथा जनता के बीच पहुँचाने के लिए अधिकारियों के कार्यालयों एवं थानों पर आने वाले आगन्तुकों को इस एप्प के बारे में बतायें और कम्प्यूटर आपरेटर या भिज्ञ पुलिसकर्मी द्वारा आम जनता एवं छात्रों को इसे डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करें। इस कार्य में की गयी कार्यवाही का प्रतिदिन थानावार एवं कार्यालयवार समीक्षा भी करते रहें।

18/7/19

(ओ0पी0सिंह)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के जी0एस0ओ0, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. समस्त जोन/रेन्ज/जनपद कोआर्डिनेटर उ0प्र0।
3. दिग्विजय, कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए, उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि समस्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को क्यूमेल व मेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने व वेबसाइट पर अपलोड किये जाने तथा अभिलेखार्थ रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु।

78/82

Scanned by CamScanner